## जिले के 72 केंद्रों पर हुई कक्षा बारहवीं की परीक्षा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** हायर सेकेण्डरी कक्षा बारहवीं की भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनीमल हसबैंड, एलिमेंट्स ऑफ साइंस, हिस्ट्री ऑफ इंडियन आर्ट विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिले के 72 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई ।



बारहवीं कक्षा की परीक्षा में 10962 परीक्षार्थियों में से 10854 परीक्षार्थी उपस्थित रहे वहीं 108 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार द्वारा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 के कक्षा बारहवीं के परीक्षा केंद्रउत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर,शासकीय उच्च माध्य विद्यालय सिहोरा, कौंडिया बोहनी, करपगांव, का निरीक्षण किया जहां बोहनी ,कोडिया में 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित मिले।

विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दल में नरसिंहपुर विकासखंड के अंतर्गत परीक्षा केंद्रों - सरस्वती उ.मा. वि.नरसिंहपुर, शा.उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर एवं एन पी एस नरसिंहपुर में सहायक संचालक बी ई ओ नरसिंहपुर सुश्री प्राशी अग्रवाल, प्राचार्य डॉ एस के पाल , उच्च माध्यमिक शिक्षक श्वेता विश्वकर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान केंद्र पर परीक्षा नियमों के अनुसार प्रश्न पत्र वितरण समय, मोबाइल पेटी में रखे जाने वाले मोबाइल धारक का नाम सहित नंबर पंजी संधारण संबंधी जानकारी केंद्र अध्यक्ष एवम् सहायक केंद्र अध्यक्ष से पूछताछ की गई। कक्ष में पर्यवेक्षक द्वारा प्रश्न पत्र के बंडल के ऊपर खोलने से पूर्व पर्यवेक्षक द्वारा लिखी जाने वाली जानकारी समय, हस्ताक्षर का निरीक्षण किया गया। सभी केंद्रों पर परीक्षा व्यवस्थित संचालित मिली। मण्डल की समय सारणी अनुसार गायन वादन का पेपर 5 मार्च को जिले के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर एवं एनपीएस स्कूल नरसिंहपुर में कक्षा 12वीं की परीक्षा गायन वादन की है, जिसमें 45 छात्र सम्मिलित हो रहे हैं एवं सिमरिया कंजई में हाई स्कूल कक्षा दसवीं की परीक्षा है जिसमें एक छात्र पंजीकृत है।

### कक्षा आठवी की परीक्षा के लिए बनाए गए 201 केंद्र

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा जारी समय सारणी अनुसार माध्यमिक बोर्ड कक्षा आठवीं की अंग्रेजी माध्यम की हिंदी विषय की एवं हिंदी माध्यम की अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले के 201 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई । जिसमें 1619 माध्यमिक विद्यालय के कक्षा आठवीं के 17570 परीक्षार्थियों में से 17421 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 149 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विकासखंड साईखेड़ा में 53 तो नरसिहपुर में 32एवं चावरपाठा में 24 सर्वाधिक परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित । जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी विकासखंड स्रोत समन्वयक ओ पी राय द्वारा नरसिंहपुर विकासखंड के नवीन माध्यमिक विद्यालय झामर एवं सुपला परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया जहां परीक्षार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति रही। शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी,विकासखंड स्रोत समन्वयक ओ पी राय द्वारा परीक्षा उपरांत पेपर के विषय में बच्चों से चर्चा कर आगामी परीक्षा की तैयारी हेतु शुभकामनाएं देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में राजेश ठाकुर रहे विजेता



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** संभाग स्तरीय अधिकारी कर्मचारी बैडमिंटन पुरूष प्रतियोगिताअंडर 50 पुरुष वर्ग से शासकीय विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में आयोजित हुई। उक्त प्रतियोगिता में डॉ राजेश कुमार ठाकुर सहायक प्राध्यापक इतिहास प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ् एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर विजेता रहे। इनका चयन राज्य स्तरीय अधिकारी कर्मचारी बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु हुआ जो 6 से 8 मार्च को एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच में खेला जावेगाा।

## सार-समाचार

### उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा नवमीं की प्रवेश चयन परीक्षा नौ मार्च को

नरसिंहपुर **।नरसिंहपुर, देशबन्धु ।**के लिए प्रवेश चयन परीक्षा 2025- 26 रविवार 9 मार्च को प्रातः 10:15 से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश- पत्र, फोटोयुक्त परिचय पत्र एवं काली स्याही के 2 बालपाइंट पेन के साथ प्रातः 9 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी परीक्षा के प्रवेश पत्र के लिए मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट से आवेदन क्रमांक एवं जन्मतिथि दर्ज कर डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश चयन परीक्षा के लिए जिले की शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमा विद्यालय नरसिंहपुर, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, शासकीय एसडीएम कन्या उमा विद्यालय स्टेशनगंज नरसिंहपुर एवं शासकीय नेहरू उमा विद्यालय नरसिंहपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। यह जानकारी प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर ने दी है।

### राष्ट्रीय और साइबर सुरक्षा के लिए जागरुकता जरुरी है


**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस प्रतिवर्ष 4 मार्च को मनाया जाता । जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण को संरक्षण देना है और इस साल इसकी थीम विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण रखी गई थी। जिसे आधार बनाकर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के त्रैमासिक कैलेंडर के अनुसार आंतरिक उच्च गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य आर. बी. सिंह, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ प्रीति कौरव व सह-संयोजक डॉ नमिता साहू, डॉ अमित ताम्रकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया जहां विषय विशेषज्ञ के रूप में तहसीलदार संजय मेश्राम व उप-निरीक्षक आशीष कुमार को आमंत्रित किया गया। अतिथियों के द्वारा सरस्वती पूजा व दीप प्रज्वलन के पश्चात संयुक्ता की सुमधुर वाणी में सरस्वती वंदना की गई और ललिता दुबे के द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ से स्वागत के साथ सुश्री इंदु सिंह के संचालन में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित हुई जिसमें पर्यावरण, सामाजिक और शासन की उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व विषय पर परिचर्चा, साइबर सुरक्षा विषय पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान एवं प्रेरणाप्रद वीडियो का प्रदर्शन, राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के व्याख्यान, राष्ट्रीय सुरक्षा से सम्बन्धित पोस्टर प्रतियोगिता सहित उपस्थित विद्यार्थियों को तहसीलदार व उप-निरीक्षक के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। छात्र-छात्राओं को उदाहरणों के माध्यम से साइबर क्राइम से किस तरह बचा जा सकता और अपने आपको सुरक्षित रखा जा सकता के बारे में विस्तार से बताया गया और किसी तरह के फ्रॉड की स्थिति में हेल्पलाइन नम्बर पर शिकायत दर्ज कर सकते यह जानकारी प्रदान की गई। अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक प्रशांत कुमार शर्मा, अनिमेष पटेरिया व सभी छात्र-छात्राओं की सहभागिता से कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### कृषि उपज मंडी का कृषक विश्राम गृह हो गया जर्जर

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जवाहर कृषि उपज मंडी का कृषक विश्रामगृह अपनी दुर्दशा की दास्तान स्वयं बयां कर रहा है द्य मंडी गेट के बाजू में बने कृषक विश्राम गृह जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है लेकिन मंडी प्रशासन का ध्यान तक नहीं है मंडी के कृषक विश्रामगृह की स्थिति देखकर मंडी की कार्य प्रणाली का अंदाजा लगाया जा सकता है की मंडी के जिम्मेदार अधिकारी मंडी का प्रबंध किस तरीके से कर रहे हैं द्य मंडी प्रशासन कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कृषक विश्रम ग्रह पर ध्यान देते हुए उसका नवनिर्माण कराए जिससे कि कृषकों को विश्राम गृह का लाभ मिल सके ।

### पूज्य श्री गुरुदेव महाराज जी की कलश विसर्जन कार्यक्रम



**बरमान,देशबन्धु।** हम सब के पूज्य श्री गुरुदेव महाराज जी पंडित स्वर्गीय श्री रामाधार जी द्विवेदी श्री देव सत्यनारायण मंदिर पुजारी जी की अस्थि कलश निज ग्राम रीवा से बरमान कला मां शारदा मठ दिनांक 5/ 3 /2025 दिन बुधवार को समय 11ः00 बजे आ रही है सभी गुरुदेव जी के शिष्य मंडली और समस्त ग्राम वासियों से विनम्र निवेदन है कि सभी अस्थि क्लास में सम्मिलित होकर पूज्य श्री गुरुदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

## लाइनमैन दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित



**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** जिले के अंतर्गत नरसिंहपुर वृत एवं गाडरवारा संभाग मे भव्यता के साथ लाईनमैन दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें 5 लाईनमैन जो अतिउत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, उनको तरंग ऑडोटोरियम (शक्ति भवन) जबलपुर बुलाकर के सम्मानित किया गया है। साथ ही जिले में 79 लाईन कार्मिकों को उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

अधीक्षण अभियंता अमित चौहान ने अवगत कराया कि विद्युत मंडल / कंपनी की प्रथम पंक्ति में खड़े लाईन श्रमिकों के कार्य को आज सराहा गया है व कंपनी प्रबंधन में उनकी महत्वा को रेखांकित किया है। ऐसे लाईन स्टॉफ जो कि अपने घर परिवार की चिंता छोड़ विद्युत लाईनों के रख-रखाव एवं मैटेनेंस इत्यादि के कार्यों में लगे हुये हैं जिससे सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को निर्वाध एवं सुचारू विद्युत व्यवस्था प्रदान की जा सके। ऐसे लाईन श्रमिकों के कार्य को हम आज इस मंच के माध्यम से सराहना करते हुये अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं व कंपनी प्रबंधन ने जो इस परंपरा का आगाज किया है इसको भी भविष्य में जारी रखा जावेगा।

लाइन स्टॉफ को समय-समय पर तकनीकी कौशल प्रदान करते हुये विद्युत दुर्घटनाओं को न्यूनतम अथवा शून्य किया जाना मेरी पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम में विद्युत कंपनी के अधीक्षण अभियंता अमित चौहान, कार्यपालन अभियंता विवेक जसेले, कार्यपालन अभियंता श राहुल पटेल, तथा उपसंभागों के सहायक अभियंता तथा समस्त वितरण केन्द्र प्रभारी सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में तकनीकी कर्मचारियों को प्रसून शर्मा सहायक अभियंता नरसिंहपुर (शहर) द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यशाला आयोजित कर विद्युत सुरक्षा मानकों सहित लाईन कर्मचारियों को लाइन पर कार्य करने हेतु अवगत कराया गया। विशेष ठाकुर प्रोग्रामर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### गाडरवारा में भी सम्मान समारोह का आयोजन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** संभाग अंतर्गत लाइनमैन को सम्मानित करने हेतु लाइनमैन दिवस पर गाडरवारा के पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में कार्यक्रम रखा गया। इस वर्ष की भर्ती प्रत्येक वर्ष 4 मार्च को लाइनमैन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सभी विषम परिस्थितियों में गर्मी हो सर्दी हो या बरसात हो लाइनमैन सभी घरों को रोशन करने में हर संभव प्रयास करते हैं एवं हर व्यक्ति रोशनी में अपना जीवन यापन करें, ऐसी सोच के साथ 24 घंटे सभी उपभोक्ताओं को सतत गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदाय में अहम भूमिका रखने वाले ऐसे विद्युत कर्मियों को कल सम्मानित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि कार्यपालन अभियंता गाडरवारा, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता शुभम मेहरा के साथ समस्त वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता अपने समस्त लाइनमैन के साथ इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशिष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर लाइनमैन को सम्मानित किया गया। प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर के संदेश का वाचन एवं शपथ ग्रहण सहायक अभियंता द्वारा किया गया साथ ही कार्यक्रम में कार्यशाला का आयोजन सहायक अभियंता द्वारा किया गया, जिसमें लाइनमैन को सुरक्षित रूप से कार्य करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिए गए, इस प्रकार लाइनमैन को सम्मानित करने पर सभी लाईनमैनों में हर्ष उल्लास का माहौल दिखाई दिया।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग एवं मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार महाविद्यालय के क्रीडा विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं एवं कार्यरत महिला कर्मचारियों अधिकारियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। 15 दिवसीय कार्यक्रम 4 मार्च से 18 मार्च तक महाविद्यालय परिसर में क्रीड़ा विभाग द्वारा संचालित किया जाएगा । कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर बी सिंह द्वारा छात्राओं को हिम्मत आत्मबल एवं साइबर क्राइम जैसी चीजों से अवगत कराया गया।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ज्योति गायकवाड़ पिता श्री रमेश गायकवाड़ उम्र 36 वर्ष निवासी शास.अस्पताल गाडरवारा जिला नरसिंहपुर की निवासी हूँ मैंने वर्ष 2016 में फैयाजखान वल्द अहजाजखान से कोर्ट मैरिज की थी मुझ को 2018 में एक पुत्र हुआ था जिसका नाम हम लोगो ने तनुश उर्फ रिदानखान रखा था मेरे पति से वाद विवाद होने के कारण हम पति/पत्नी वर्ष 2020 से अलग अलग रह रहे थे इसी दौरान 26.12.2024 को मेरे पति फैयाजखान की मृत्यु हो चुकी है विवाह के बाद भी मैं हिन्दूधर्म को मानती रही हूँ और मेरा बेटा भी हिन्दू धर्म को मानता है और मैं हिंदू रीति रिवाज के अनुसार ही अपने पुत्र का पालन कर रही हूँ मेरे पति द्वारा अपने जीवन काल में मुझे बताये बिना दस्तावेजों एवं जन्म प्रमाण पत्र में रिदानखान लिखवा दिया था जबकि उसका असली नाम तनुश गायकवाड़ जिसकी उम्र 6 वर्ष है तथा मैं उसकी नैसर्गिक संरक्षक हूँ इसलिये उक्त उदघोषणा के माध्यम से मैं सूचित करती हूँ कि आज के बाद से मेरे पुत्र को तनुश गायकवाड़ के नाम से जाना जाये और उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी दस्तावेजों में भी तनुश गायकवाड़ लिखा एवं पढ़ा जावे।

ज्योति गायकवाड

## भरवारा में छात्राओं का सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 4 मार्च को ग्राम भरवारा की ग्राम पंचायत भवन में किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय प्राचार्य कृष्णा शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी डॉ यतीन्द्र महोबे, क्रीड़ाधिकारी एल.एन.रजक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उदघाटन सत्र का प्रारंभ विद्यादायिनी मां सरस्वती एवं रासेयो के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद के समक्ष दीप प्रज्जलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य कृष्णा शर्मा ने सभी स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन करते हुए पूरे जोश के साथ शिविर का आयोजन करने का आह्वान किया। प्राचार्य ने बताया कि सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है और यह शिविर हमें नई-नई बातें सीखने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर का लाभ लेते हुए सभी स्वयंसेवक अपने व्यक्तित्व का विकास करते हुए समाज सेवा में अपना योगदान देवे। प्रशासनिक अधिकारी डॉ यतीन्द्र महोबे ने भी स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी और शिविर में अनुशासन में रहने की शिक्षा दी।

सात दिवसीय यह विशेष शिविर में बाल संरक्षण ,स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, टीकाकरण, मतदाता जागरूकता जैसे विषयों पर आधारित है।

### सूचना

**मैं पराग बरडिया (PARAG BERDIA) पिता अनिल कुमार बरडिया का निम्न कथन यह हैं कि मुझ शपथकर्ता का सही नाम पराग बरडिया पता-12 गल्ला मंडी नेहरू वार्ड गोटेगांव है अतः पराग कुमार बरडिया के नाम से ना जानकार मुझे आज से पराग बरडिया (PARAG BERDIA) के नाम से ही जाना पहचाना जायें।**

## मां नर्मदाजी की महाआरती और पारदेश्वर महादेव का किया पूजन



**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस समीपवर्ती ग्राम मुंआरघाट स्थित मां नर्मदातट में नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्री रेवा महाआरती समिति गोटेगांव के तत्वाधान में जगतजननी मां नर्मदा मैया जी की साप्ताहिक संगीत मय महाआरती एवं भगवान श्री पारदेश्वर महादेवजी का पूजन अर्चन प्रत्येक सोमवार को विगत 9 वर्षों से भी अधिक समय से निरंतर जारी हैं।

इसी तारभ्य में माता नर्मदा मैयाजी की महाआरती पं.राजेंद्र प्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व मे पूर्ण विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ भारत शाह पटेल वेदू वालों एवं शास्त्री नर्मदा प्रसाद दुबे राधे राधे महाराज द्वारा पूजन संपन्न करने के तत्पश्चात भगवान श्री पारदेश्वर महादेवजी का वैदिक मंत्रों द्वारा पूजन अर्चन संपन्न हुआ । राजपूत परिवार द्वारा जो श्रीमद् भागवत जी का पाठ करवाया जा रहा है उसमें संगीतकार संस्कारधानी जबलपुर से जितेंद्र जी एवं सहयोगियों महा आरती अपने साज-बाज से चार चांद लगा दिए एवं द्वापर मे भगवान की लीलाओं को कलयुग में प्रस्तुत करने के लिए सत्या डांस ग्रुप गाडरवारा के द्वारा भगवान की मनमोहक छवियां की प्रस्तुति कर सजीव चित्रण पेश करके सभी श्रोताओं का मनमोह मोह लिया ऐसे सभी नाम चीन कलाकार माता जी की आरती में सम्मिलित हुए।

तत्पश्चात उपस्थित समिति सदस्यों व मातृशक्ति द्वारा दीपदान करने के उपरांत समापन पर महा प्रसाद का वितरण किया गया।

## 12 व 15 मार्च को गाडरवारा में भी रुकेगी होली स्पेशल ट्रेन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** होली पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे होली विशेष ट्रेनें चला रहा है। रानी कमलापति से दानापुर के बीच भी स्पेशल ट्रेन चलेगी। जो गाडरवारा स्टेशन पर भी रुकेगी।

गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-दानापुर होली विशेष ट्रेन 12 मार्च एवं 15 मार्च को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 14.25 बजे प्रस्थान कर, 15.25 बजे नर्मदापुरम, 15.55 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन सुबह 08.45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 01662 दानापुर-रानी कमलापति होली विशेष ट्रेन 02 ट्रिप गाड़ी संख्या 01662 दानापुर-रानी कमलापति होली विशेष ट्रेन 13 मार्च एवं 16 मार्च को सुबह 11.45 बजे दानापुर स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 07.30 बजे इटारसी, 08.03 बजे नर्मदापुरम एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 09.50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। यात्रियों से अपील है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके ही यात्रा प्रारम्भ करें।

### गाड़ी के हाल्ट

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।

### कोच संरचना

इस विशेष ट्रेन में 05 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं 07 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी के डिब्बे सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नात्कोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए